# चैत्रीय नवरात्रि पर्व आज से मंदिरों में विशेष साज सज्जा



## जगह-जगह होगी जवारे कलश की स्थापना

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** शक्ति साधना का महापर्व चैत्रीय नवरात्रि पर्व आज से शुरू हो रहा है।माता रानी के दरबारों में विशेष साज सज्जा की गई है वहीं श्रद्धालु जन बड़ी संख्या में पहुंचकर जलाभिषेक कर पूजन अर्चन करेंगे। कोई नंगे पैर तो कोई मौन धारण कर माता रानी की आराधना में संलग्न होंगे। वहीं नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जबारे कलश की स्थापना की जायेगी। नगर के प्रतिष्ठित शक्ति पीठ हरसिद्धि मंदिर सिंहवाहिनी काली मठ बीजासेन मंदिर के साथ साथ खेरापति मंदिरों में पूजा-अर्चना जलाभिषेक करेंगे।

### बाल लीला धाम में चैत्र नवरात्रि पर ज्योति कलश स्थापना

**गोटेगांव।** गोटेगांव तहसील के ग्राम बरहटा स्थित श्री बाल लीला धाम आश्रम में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के आशीर्वाद से और संरक्षक अग्निपीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमद् रामकृष्णानंद महाराज के सानिध्य में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री राजयोग आश्रम शंकराचार्य बाललीला धाम में शक्ति पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। त्रिलोक सुंदरी माँ भगवती सिंहवाहिनी देवी के दरबार में ज्योति कलश स्थापना और दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी।

### माता सिंहवाहिनी दरबार में चैत्र नवरात्रि पर जवारे की स्थापना

**गोटेगांव।** स्थानीय श्रीधाम रेलवे स्टेशन के समीप स्थित माता सिंहवाहिनी मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि का पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सिंहवाहिनी सेवा समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि इस बार नवरात्रि पर्व के साथ-साथ श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन भी भव्य रूप से किया जाएगा।



### हिंदू उत्सव समिति साईंखेड़ा की बैठक आयोजित

**साईंखेड़ा।** नगर के प्रतिष्ठित श्री अखाड़े वाले दादाजी परिसर में विगत दिवस हिंदू उत्सव समिति साईंखेड़ा की एक वृहत बैठक का आयोजन किया गया। आगामी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (हिंदू नव वर्ष), चैत्र नवरात्रि, श्री रामनवमी एवं श्री हनुमान प्राकट्य उत्सव के पावन पर्वों को भव्यता के साथ मनाने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन और सनातनी बंधु उपस्थित रहे।



**असुविधा** मरीजों को इलाज के लिए जरूरी सामान बाहर की मेडिकल दुकानों से खरीदकर लाना पड़ रहा

# शासकीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार की सामग्री का टोटा




**नवभारत/नरसिंहपुर गाडरवारा।** नगर के शासकीय अस्पताल में इन दिनों प्राथमिक उपचार से जुड़ी आवश्यक सामग्रियों की कमी सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार अस्पताल में टिटनेस इंजेक्शन, पट्टी, प्लास्टर के साथ-साथ घाव में टांका लगाने के लिए उपयोग होने वाला धागा और सुई तक कई बार उपलब्ध नहीं रहती, जिसके कारण मरीजों को इलाज के लिए जरूरी सामान बाहर की मेडिकल दुकानों से खरीदकर लाना पड़ रहा है। बताया जाता है कि दुर्घटना या चोट लगने पर जब मरीज अस्पताल पहुंचते हैं तो उन्हें टांका लगाने के लिए भी आवश्यक सामग्री बाहर से मंगवानी पड़ती है। इससे उपचार में देरी होने के साथ-साथ मरीजों और उनके परिजनों को अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ रहा है। कई बार मरीज अस्पताल में अकेले पहुंचते हैं। ऐसे में उनके लिए बाहर जाकर इंजेक्शन, पट्टी या टांके की सामग्री खरीदकर लाना काफी मुश्किल हो जाता है। इस स्थिति के चलते मरीजों को खासी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासकीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार की आवश्यक सामग्री हर समय उपलब्ध रहनी चाहिए, ताकि मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके। वर्तमान स्थिति को लेकर लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि कहीं इन सामग्रियों की उपलब्धता सिर्फ कागजों में ही तो नहीं दर्शाई जा रही।

## विद्यार्थियों को दिया गया स्वस्थ जीवन शैली का संदेश

**नवभारत/ गोटेगांव।** शासकीय हाई स्कूल देवनगर पुराना में उमर इको क्लब द्वारा हेल्दी लाइफस्टाइल कैंपेन का आयोजन किया गया। भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की इस पहल का उद्देश्य इको क्लबों के माध्यम से छात्रों और जनमानस को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान के तहत विद्यार्थियों को पर्यावरण हितैषी जीवन शैली और मिशन लाइफ के सात प्रमुख बिंदुओं—ऊर्जा व पानी की बचत, अपशिष्ट प्रबंधन और ई-वेस्ट में कमी लाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान कमलेश पटेल ने स्वस्थ खानपान और शारीरिक गतिविधियों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार के साथ प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट का व्यायाम और तनाव प्रबंधन आवश्यक है। विद्यार्थियों को सतत खाद्य प्रणालियों और ठोस अपशिष्ट को कम करने के व्यावहारिक तरीके भी समझाए गए। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वर्तमान में दुनिया अस्थिरता के दौर से गुजर रही : प्रहलाद




**नवभारत/ नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सरकार के पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की प्रेस वार्ता स्थानीय होटल मिनिएचर में संपन्न हुई प्रेस वार्ता भाजपा जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी व विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा की उपस्थिति में संपन्न हुई । पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने वैश्विक चुनौतियों पर भारत की मजबूती विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में दुनिया अस्थिरता के दौर से गुजर रही है जहां रूस यूक्रेन युद्ध चल रहा है वहीं दूसरी ओर अमेरिका इजराइल और ईरान के बीच युद्ध चल रहा है जिसके कारण सम्पूर्ण विश्व में तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित हुई है सम्पूर्ण विश्व इस आपूर्ति से परेशान है परन्तु देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में युद्ध जैसी विषम परिस्थितियों में भारत तक गैस एवं तेल सुरक्षित पहुंच रहा है यह भारत के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जिससे लगातार देश में तेल एवं गैस की आपूर्ति नागरिकों को की जा रही है। इस पर हर भारतीय को गर्व है उन्होने कहा भारत हमेशा संवाद और शांति की नीति पर विश्वास करता है और उसी मार्ग से समाधान खोजने का प्रयास भी करता है। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तीसरे वर्ष की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन व प्रदेश के मुखिया मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रदेश भर में जल गंगा संवर्धन जन अभियान बन गया है। जिसमे अनेको जल स्रोतों को जीवंत कर तालाबों का गहरीकरण नदी के उद्गम स्थलो का पुनर्जीवन के साथ ही नदी पर बोरी बंधान के माध्यम से पानी रोक कर जल के स्तर को बढाया गया अभियान की सफलता को देखते हुए प्रदेश सरकार ने इस वर्ष भी पुन: जारी रखा है। इस वर्ष सरकार की मंशा है कि जो कार्य पिछले वर्ष बरसात आने के कारण छूट गए थे उन्हे पूरा किया जाए साथ ही तालाबों का गहरीकरण इस प्रकार से किया जाए कि उसमें वर्ष भर पानी की निरंतरता बनी रहे जिससे गर्मी के मौसम में भी पानी की कमी न हो पाए। जल गंगा संवर्धन अभियान का मूल उद्देश्य ही नदियो को बारह मासी बनाना है यह कार्य बिना जनता की सक्रिय सहभागिता के संभव नही हो सकता अत: उन्होने जिले के सभी वासियों से अनुरोध करते हुए निवेदन किया कि कल दिनांक 19.03.2026 चैत्र नवरात्र से प्रारंभ होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में अपने आस पास के जल स्त्रोतो पर जाकर शासन प्रशासन से कंधे से कंधा मिलाकर अभियान में अपनी सहभागिता प्रदान करे। उन्होनें प्रधानमंत्री जी महत्वाकांछी योजना हर घर जल जलजीवन मिशन योजना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी का यह संकल्प था कि देश के हर घर में नल हो एवं उसमें शुद्ध पेय जल हो इस हेतु यह अभियान देशभर में चलाया जा रहा है। उनके इस संकल्प की पूर्ति हेतु म.प्र.सरकार व पंचायत विभाग कटिबद्ध है।



## आर्यन पटेल का नवोदय विद्यालय में चयन

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों संपन्न हुई नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में डोभी के प्रतिष्ठित रामदर्शन पटेल के सुपुत्र आर्यन पटेल का चयन हुआ है छात्र की इस सफलता पर परिजनों एवं विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## श्रेयांश पटेल का नवोदय विद्यालय में चयन



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों नवोदय विद्यालय परीक्षा कक्षा छठवीं में प्रवेश को लेकर संपन्न हुई प्रवेश परीक्षा में श्री जी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के छात्र श्रेयांश पटेल पिता तरवर सिंह पटेल का चयन हुआ है। श्रेयांश की इस सफलता पर परिजनों एवं विद्यालय परिवार ने बधाईयां प्रेषित की हैं।

### एक नजर में



## विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को दी कानूनी जानकारी

**गोटेगांव।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर के निर्देशानुसार, तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगांव द्वारा मंगलवार को ग्राम पंचायत कंजई में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना और लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। शिविर में तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगांव की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट माननीय सुश्री साक्षी शुक्ला ने ग्रामीणों को लोक अदालत और विभिन्न विधिक सेवा योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विहित प्रक्रिया अपनाकर इन योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है। कार्यक्रम में नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन योजना 2015 पर विशेष चर्चा की गई। सुश्री शुक्ला ने नशे के कारण व्यक्ति के पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन पर पड़ने वाले दुष्परिणामों और इसके कारण होने वाले आर्थिक बोझ के बारे में विस्तार से समझाया। इस अवसर पर किशोरों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया और किसी अन्य को तंबाकू का सेवन करते देखने पर रोको-टोको की समझाइश दी गई। शिविर में कंजई ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, न्यायालयीन कर्मचारी, पैरालीगल वालंटियर मनोज चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांग शिविर का सफल आयोजन

**नवभारत/ गोटेगांव।** गोटेगांव नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को एक विशेष दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञों की टीम ने उपस्थित होकर दिव्यांगजनों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण के उपरांत पात्र हितग्राहियों को शासन की मंशानुसार मौके पर ही यूडीआईडी कार्ड सहित बस और ट्रेन के कंसेशन पास जारी किए गए। शिविर के दौरान सामाजिक न्याय विभाग के कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया भी तत्परता से पूर्ण की गई। शिविर की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए अस्पताल के बीएमओ डॉक्टर एस एस धुर्वे ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत कुल 105 दिव्यांग प्रमाण पत्र तैयार किए गए। इसके अतिरिक्त 11 दिव्यांगजनों के पुराने प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया गया, जबकि 61 बस सर्टिफिकेट और 70 रेलवे कंसेशन पास वितरित किए गए। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे दिव्यांगजनों ने शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त किया। बीएमओ के अनुसार, इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना था।

## गैस सिलेंडरों की किल्लत से उपभोक्ता परेशान

**नवभारत/गोटेगांव।** गोटेगांव तहसील में वर्तमान में उपभोक्ताओं को रसोई गैस सिलेंडर प्राप्त करने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस ज्वलंत मुद्दे को लेकर जन एकता समिति के सदस्यों ने एसडीएम संघमित्रा गौतम से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। समिति ने अवगत कराया कि नगर के उपभोक्ता समय पर गैस सिलेंडर की बुकिंग तो कर रहे हैं, लेकिन उन्हें लंबी प्रतीक्षा के बावजूद समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। सिलेंडर वितरण में हो रही इस देरी के कारण गृहणियों और आम उपभोक्ताओं को दैनिक कार्यों में अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। जन एकता समिति ने एसडीएम से मांग की है कि गैस वितरकों की कार्यप्रणाली की जांच कर इस मामले में तुरंत ठोस कार्रवाई की जाए ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।




## गौरैया के संरक्षण की जरूरत, छात्रों ने घोंसले बनाकर दिया संदेश

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** विगत दिवस शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ईको क्लब के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ गोरैया चिड़ियों के संरक्षण का संदेश दिया और घोंसलों का निर्माण किया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने घर से लाए गए विभिन्न प्रकार की सामग्री का उपयोग कर सुंदर एवं सुरक्षित घोंसले तैयार किए। इन घोंसलों को बाद में विद्यालय परिसर एवं आसपास के विभिन्न छायादार वृक्षों पर लगाया गया जिससे चिड़िया आसानी से अपना सुरक्षित आशियाना बना सकें। इस गतिविधि में विद्यालय के सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।इको क्लब के प्रभारी एवं अन्य शिक्षकों ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया और कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जगदीश साहू ने भी इस पहल की सराहना करते हुए छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

# गाडरवारा में शबे-कद्र पर इबादत का विशेष दौर



**नवभारत/ गाडरवारा।** मुस्लिम समुदाय का पावन पर्व रमजान के 26वें रोज़े पर मनाए जाने वाले शबे-क़द्र के अवसर पर नगर की सभी मस्जिदों में इबादत का विशेष माहौल रहा। रातभर मस्जिदों में नमाज़, तिलावत और इबादत का सिलसिला जारी रहा। इस अवसर पर मस्जिदों में विशेष नमाज़ अदा की गई तथा तरावीह पढ़ाने वाले इमामों को नजराना पेश कर उनका सम्मान किया गया। जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने जामा मस्जिद के इमाम हाफिज जुबेर आलम का स्वागत करते हुए उन्हें नजराना भेंट किया। वहीं असलम फलवालों द्वारा भी अध्यक्ष एवं इमाम साहब का फूल-माला से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशिक हुसैन ने किया। उन्होंने शबे-क़द्र के आयोजन में सहयोग देने वाले सभी मुस्लिम भाइयों का तहेदिल से आभार व्यक्त किया। रोज़ा इफ्तार के दौरान रोजेदारों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की गईं और बाद में साफ-सफाई में सहयोग करने वाले युवाओं का सम्मान किया गया। मस्जिद में एतिकाफ पर बैठे लोगों की दस्तारबंदी भी की गई। मस्जिद के खिदमतगार राजू भाई को नजराना देकर सम्मानित किया गया। हसनी हुसैनी सोसाइटी एवं गरीब नवाज चौकी द्वारा भी युवाओं के योगदान की सराहना की गई और उनका हौसला बढ़ाया गया। शबे-क़द्र की रात रोजेदारों के लिए सहरी का भी विशेष इंतजाम किया गया। नमाज़ के बाद देश की खुशहाली और तरक्की के लिए दुआएं मांगी गईं। फैजाने मदीना मस्जिद एवं छोटी मस्जिद में भी इमामों का सम्मान किया गया और विशेष दुआएं की गईं। इस अवसर पर हाजियों का भी स्वागत किया गया। मुस्लिम समुदाय ने शबे-क़द्र का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया। नमाज़, रोज़ा, तिलावत और इबादत के साथ-साथ कब्रिस्तान पहुंचकर मरहूमों के लिए दुआएं की गईं। जामा मस्जिद के अध्यक्ष अबरार खान ने आगामी ईद पर्व को ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग एवं नगरपालिका परिषद से सहयोग की अपेक्षा की।

# साईंखेड़ा में मनेगा हिंदू नव वर्ष और हनुमान जन्मोत्सव



**नवभारत/ साईंखेड़ा।** नगर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को गति देने वाली हिंदू उत्सव समिति, साईंखेड़ा द्वारा आगामी चैत्र नवरात्र, हिंदू नव वर्ष, श्री रामनवमी और श्री हनुमान प्राकट्य उत्सव के पावन अवसर पर भव्य आयोजनों का निर्णय लिया गया है। विगत दिवस श्री अखाड़े वाले दादाजी परिसर में आयोजित एक वृहत बैठक में नगर के प्रबुद्ध जनों और सनातनी बंधुओं की उपस्थिति में कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई।

### 19 मार्च को तिलक वंदन के साथ होगा नव वर्ष का स्वागत


बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 19 मार्च (गुरुवार) को हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में अपराह्न 3ः30 बजे संकट मोचन हनुमान मंदिर (किसानी वार्ड) से एक विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। श्री राम धुन एवं राम अर्चन के साथ यह यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से गुजरेगी, जहाँ समिति के सदस्य और सनातनी बंधु व्यापारी जनों एवं नागरिकों का तिलक लगाकर अभिनंदन करेंगे। यात्रा का समापन अखाड़े वाले दादाजी परिसर में भव्य महाआरती और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ होगा।

### संत शिरोमणि टाटम्बरी महाराज का होगा नगर आगमन

धार्मिक कार्यक्रमों की इसी कड़ी में 26 मार्च से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 27 मार्च को सनातन संत शिरोमणि श्री 1008 श्री टाटम्बरी जी सरकार (त्यागी जी पासीघाट वाले) का नगर आगमन होगा। महाराज श्री के आगमन पर नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत-वंदन किया जाएगा। इस दौरान वार्ड संख्या 08 में स्थापित 51 कलश जवारे के दर्शन और महाराज श्री का पादुका पूजन भी संपन्न होगा।

**2 अप्रैल को निकलेगी शोभायात्रा:** समिति ने जानकारी दी कि 2 अप्रैल को श्री हनुमान प्राकट्य उत्सव के पावन पर्व पर पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर में विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस शोभायात्रा में विभिन्न झांकियां और संकीर्तन मंडलियां आकर्षण का केंद्र

# फिर से लौटे कोयले और तेल की भट्टियों के दिन



**नवभारत/ साईंखेड़ा।** स्वदेश समाचार साईंखेड़ा। अंतरराष्टीय स्तर पर ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे तनाव के असर अब स्थानीय स्तर पर भी दिखाई देने लगे हैं। क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने से होटल संचालकों और चाय दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने के कारण कई दुकानदारों को मजबूर होकर पुराने समय की तरह तेल और कोयले की भट्टियों का सहारा लेना पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि गैस की कमी के कारण उनके दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कोयले और तेल की भट्टियों का उपयोग करना न केवल महंगा पड़ रहा है, बल्कि इससे काम करना भी कठिन हो गया है। भट्टियों से उठने वाला धुआं और गंध आसपास के वातावरण को भी प्रभावित कर रही है, जिससे ग्राहकों को भी असुविधा महसूस हो रही है। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि यदि जल्द ही गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति शुरू नहीं हुई तो छोटे होटल और चाय दुकानों का संचालन और अधिक कठिन हो जाएगा।


**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**

**सार्वजनिक उद्घोषणा** रा.मा.क्र. अ-6 सन-2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 10/4/2026 को प्रात: 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | कंदेली | 24/3<br>41/3 | 1366 वर्गफुट<br>139 वर्गफुट | शंकरलाल आ. चुन्नीलाल औंडेला सा. कंदेली | दिनेश कुमार ऑडेला पिता स्व. शंकरलाल ऑडेला निवासी गुरूद्वारा के पास, बजरंग वार्ड कंदेली नरसिंहपुर |

इश्तहार आज दिनांक 17/3/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नरसिंहपुर